भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3029

09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

3029. श्री राजू बिष्ट :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने मार्च, 2024 तक 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) मार्च, 2024 तक के एचएएल के कुल कारोबार का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने मार्च, 2024 तक 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो निम्नानुसार है:-

वर्ष	परिचालन से राजस्व
2022-23	26928 करोड़ रु.
2023-24	30381 करोड़ रु.

(ग): वित्तीय वर्ष 2023-24 में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कुल कारोबार 28162 करोड़ रु. है ।

****